प्रेमी से संग मिलकर पति को उतारा मौत के घाट

दुकान पर गला दबाकर हत्या के बाद बाइक पर लेकर गए शव को जलाया

जयपुर। मुहाना थाना इलाके में एक पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतारने के 24 घंटों के भीतर ही ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर दिया। हत्या की साजिश मृतक की पत्नी गोपाली देवी ने अपने प्रेमी दीनदयाल के साथ मिलकर रची थी। पहचान छिपाने के लिए शव को आग के हवाले कर दिया गया था। दोनों भागने की फिराक में थे। उससे पहले ही पुलिस ने पकड़ लिया।

- **पहचान छिपाने के लिए शव को आग के हवाले कर दिया गया था**

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगत आनन्द ने कि गत 16 मार्च को रिंग रोड नेवटा पुलिया के पास एक अज्ञात अध जला शव मिला था। पुलिस जांच में मामला हत्या का होना पाया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर शव की पहचान और आरोपियों की तलाश के लिए एक विशेष टीम गठित की।

पुलिस टीम ने लगातार प्रयास कर मृतक की पहचान धन्नालाल सैनी के रूप में हुई। जो हडवाड़े में सब्जी बेचने का काम करता था। पूछताछ में पता चला कि उसकी पत्नी गोपाली देवी पिछले 15 सालों से दीनदयाल नामक व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध में थी।

मुहाना थाना इलाके में एक पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतारने वालों को 24 घंटे में गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि गत 15 मार्च को धन्नालाल अपनी पत्नी की जानकारी लेने श्याम फैशन नामक दुकान पर पहुंचा। जहां गोपाली देवी और दीनदयाल को साथ देखकर उसे शक हुआ। इसी दौरान दोनों ने मिलकर हत्या की साजिश रची। दोनों आरोपी धन्नालाल को दुकान के ऊपर ले जाकर लोहे के पाइप से सिर पर वार किया और उसके बाद रस्सी से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव को प्लास्टिक की बोरी में पैक कर मोटरसाइकिल से रिंग रोड नेवटा पुलिया के पास ले गए और मृतक धन्नालाल की पहचान छिपाने के लिए शव को आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद गोपाली देवी और दीनदयाल घर छोड़कर भागने की योजना बना रहे थे, लेकिन पुलिस ने समय रहते दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया।

मामले के खुलासे में एएसआई प्रेमचंद, हेड कांस्टेबल हेमराज, कांस्टेबल दिनेश यादव और दयाराम का अहम योगदान रहा। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

स्टंट कर हुड़दंग मचाने वाले 12 व्यक्तियों पर कसा शिकंजा

जयपुर। जयपुर में बाइक और कार पर स्टंट करने वालों पर जयपुर जिला उत्तर पुलिस लगातार सख्ती दिखा रही है। जिसके चलते बुधवार को भी 12 व्यक्तियों को खिलाफ कार्रवाई करते हुए वीडियो वायरल करने वाले चार वांछित युवकों को पकड़ा है और साथ ही 18 दुपहिया वाहन जब्त किए। वहीं 15 वाहनों के चालान भी काटे गए है।

जयपुर (उत्तर) पुलिस उपायुक्त राशि डोगरा डूडी ने बताया कि त्योहारों के दौरान बिना किसी अनुमति के बाइक और कार से स्टंट करते हुए रैली के रूप में जयपुर उत्तर के विभिन्न थानों में हुड़दंग मचाते हुए आपत्तिजनक नारेबाजी करके माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले युवकों की पहचान के लिए अभियान चलाया गया। इस संबंध में 4 और युवाओं की पुलिस ने पहचान की और फिर उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया। इसके अलावा स्टंट में इस्तेमाल 18 दुपहिया वाहनों को मोटर व्हीकल एक्ट में जब्त किया। वहीं 15 वाहनों के चालान भी किए गए। इस अभियान में अब तक 78 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 111 वाहनों को जब्त किया है।

नमूने की जब्ती कार्यवाही की तकनीकी बारीकियों के संबंध में चर्चा की

जयपुर। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू के निर्देश पर बुधवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में राज्य अपराध शाखा की ओर से एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जांच के लिए नमूना सैम्पलिंग भिजवाने के लिए आवश्यक दस्तावेजीकरण के संबंध में एवं नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (जब्ती, भंडारण, नमूनाकरण और निपटान) नियम, 2022 के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि एनडीपीएस मामलों में सभी पुलिस कर्मियों को सीजर एवं सैम्पलिंग प्रोसीजर के संबंध में उनके ज्ञानवर्धन के लिए अपराध शाखा की तरफ से शॉर्ट वीडियो व एसओपी बनाकर समस्त जिलों एवं समस्त पुलिस थानों को भिजवाई जा रही है।

एडीजी एमएन ने बताया कि इस एक दिवसीय कार्यशाला में विधि विज्ञान प्रयोगशाला जयपुर के अतिरिक्त निदेशक डॉ. संजय शर्मा एवं उपनिदेशक डॉ. यजुला गुप्ता ने एनडीपीएस एक्ट के मामलों के संबंध में व्याख्यान दिया गया। महानिदेशक पुलिस साईबर अपराध हेमन्त प्रियदर्शी ने एनडीपीएस मामलों में नमूना की जब्ती कार्यवाही की तकनीकी बारीकियों के संबंध में अपना उद्बोधन दिया। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एटीएस एवं एसओजी विजय कुमार सिंह ने पुलिस के समक्ष एनडीपीएस एक्ट के मामलों में व्यावहारिक चुनौतियों के संबंध में सम्बोधित किया।

कार्यशाला में उप महानिरीक्षक पुलिस प्रहलाद सिंह कृष्णियां ने बताया कि उच्च न्यायालय बैंच जयपुर द्वारा एसबी क्रिमिनल बैल एप्लीकेशन संख्या 164/2025 द्वारा धीरज सिंह बनाम राजस्थान राज्य में दिये गये दिशा निर्देशों के परिपेक्ष्य में एनडीपीएस एक्ट के मामलों के सम्बन्ध में इस एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

राजस्थान पुलिस अकादमी में राज्य अपराध शाखा की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते कांस्टेबल गिरफ्तार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए प्रताप नगर थाने के पुलिस कांस्टेबल कन्हैयालाल को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। कांस्टेबल कन्हैयालाल एक केस में पीड़ित को 4 फरवरी से बार-बार धमका रहा था।

- **भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने विशेष टीम का गठन किया**

कांस्टेबल कन्हैयालाल

पीड़ितने एसीबी में शिकायत कर बताया था कि प्रताप नगर थाने के पुलिस कांस्टेबल कन्हैयालाल 10 हजार रुपए मांग रहा है। धमकी देकर ये भी कह रहा है-4 घंटे का रास्ता है, उठा कर ले जाऊंगा। इससे परेशान होकर वह एसीबी पहुंचा और शिकायत दी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी जयपुर नगर प्रथम जयपुर टीम को पीडित ने शिकायत दी कि पुलिस थाना प्रताप नगर का कांस्टेबल कन्हैयालाल की ओर से परिवादी को वरुण से खरीदे गए कैमरे के संबंध में थाना प्रताप नगर पर दर्ज रिपोर्ट में मामला निपटाने तथा कानूनी अड़चन में नहीं फंसाने की एवज में रिश्वत राशि की मांग कर रहा है।इस पर एक विशेष टीम का गठन किया गया।

टीम ने शिकायत की पुष्टि के बाद जयपुर नगर प्रथम टीम ने ट्रैप योजना बनाई। इसके बाद कांस्टेबल को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम की घोषणा

जयपुर। वैशाली नगर और झोटवाड़ा थाने में दर्ज मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम की ओर से इनाम की घोषणा की गई है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि राजधानी के वैशाली नगर थाने में दर्ज मामले में आरोपित खींवराज विश्नोई निवासी जायल जिला नागौर हाल करधनी वांछित चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए दो हजार रुपये इनाम की घोषणा की गई है और वहीं झोटवाड़ा थाने में दर्ज मामले में फरार आरोपित राजेंद्र निठारवाल निवासी रींगस जिला सीकर हाल करधनी जयपुर की गिरफ्तारी के लिए एक हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

12वीं पास बदमाश ने जेल में बैठकर तैयार किया नकली नोट फैक्ट्री का प्लान

जयपुर। जयपुर ग्रामीण जिले के अमरसर थाना पुलिस की ओर से नकली नोट छापने के मामले में पकड़े गए बदमाश ने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए है।

आरोपी ने बताया कि नकली नोट की फैक्ट्री की साजिश उसने जेल में बैठकर रची थी। इस काम में उसने बीएड कर रहे दोस्त को पार्टनर बनाया। उसके पुश्तैनी मकान में ही प्रिंटर रखकर नोट छापना शुरू कर दिया था। दोनों बदमाशों ने असली 100 रुपए लेकर 500 रुपए (200 और 100) के नकली नोट बेचने का सौदा किया था। डिलीवरी देने जा रहे थे। तभी दोनों बदमाश सचिन यादव और सुरेंद्र सैन पुलिस के हत्थे चढ़ गए। इनमें से सुरेंद्र कुमार आर्म्स एक्ट के मामले में जेल काट चुका था।

- **इस काम में उसने बीएड कर रहे दोस्त को पार्टनर बनाया**
- **पुश्तैनी मकान में ही प्रिंटर रखकर नोट छापना शुरू कर दिया**

उसका जाली नोट छापने वाले बदमाशों के साथ जेल में ही संपर्क हुआ था। जहां से उसने इसकी पूरा तरीका जान लिया था। गौरतलब है कि अमरसर थाना पुलिस ने 15 मार्च को धानोता गांव के पास नाकाबंदी कर बाइक सवार एक युवक सचिन यादव को रुकवाया। तलाशी ली तो उसके पास एक लाख पांच हजार रुपए के जाली नोट मिले। इसमें 100 और 200 रुपए के जाली नोट थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर नोट जब्त कर लिए। सचिन से पूछताछ के बाद पुलिस ने इसके मास्टरमाइंड आरोपी सुरेन्द्र सैन को भी गिरफ्तार किया।

दोनों आरोपी आपस में दोस्त हैं और सचिन के पुश्तैनी मकान में ही एक कमरे में ये जाली नोट तैयार किए थे। पुलिस ने सचिन के पास से 100 रुपए के 39 हजार और 200 रुपए के 66 हजार रुपए के जाली नोट बरामद किए। बाद में आरोपी की निशानदेही पर एक कलर प्रिंटर, प्रिंटर में उपयोग में होने वाली अलग अलग रंग की स्याही, प्रिंट निकालने के लिए कड़क पेपर सहित कई औजार बरामद किए।

'जेडीए बताए कि कैसे रोड का अलाइनमेंट बदलेंगे और कितने मकान टूटेंगे'

जयपुर। हाईकोर्ट ने एयरपोर्ट से हल्दी घाटी सर्किल तक की 100 फीट चौडी रोड निर्माण मामले में जेडीए को चार सप्ताह का समय देते हुए मौके की स्थिति के आधार पर एक्शन प्लान देने के लिए कहा है। हाईकोर्ट ने जेडीए को कहा है कि वह तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश कर बताए कि रोड के निर्माण के लिए कितने मकानों को तोडा जाएगा।

वहीं अदालत ने जेडीए, नगर निगम व हाउसिंग बोर्ड को कहा है कि भविष्य में अतिक्रमण को रोकने के लिए उनका क्या प्लान है। जस्टिस अवनीश झिंगन और जस्टिस मनीष शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश अजय मार्ग निर्माण संघर्ष समिति सहित अन्य की याचिकाओं पर दिया। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि जहां देखो वहां पर अतिक्रमण है। सरकार की एजेंसियां क्या कर रही हैं? एजेंसियां रोड का सीमांकन नहीं करती और लोगों को सड़क का पता ही नहीं रहता।

वे सोसायटी से भूखंड खरीद लेते हैं तो ऐसे में उन लोगों का क्या दोष है। सुनवाई के दौरान अदालती आदेश के पालन में प्रमुख यूडीएच सचिव वैभव गालरिया भी उपस्थित रहे। जेडीए की ओर से अधिवक्ता अमित कुडी ने बताया कि मौके पर जो रोड बननी है, उसमें कुछ हिस्सा जेडीए के साथ ही आवासन मंडल का है। इस रोड का 2018 में जोनल डेवलपमेंट प्लान बना दिया था। वहीं यह भी तय कर दिया था कि जेडीए अपने हिस्से में 13 महीने व 6 दिन की अवधि में रोड बना देगा।

पांच हजार रुपये का इनामी अपराधी गिरफ्तार

जयपुर। मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिन दहाड़े लूट करने वाले फरार पांच हजार रुपये का इनामी अपराधी रोहित मेहरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूट मामले में अपराधी के छह साथी पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी पिछले दो साल से 20 लाख रुपये की लूट में फरार था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) दिगंत आनंद जयपुर ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिन दहाड़े लूट करने वाले फरार पांच हजार रुपये का इनामी अपराधी रोहित मेहरा निवासी निवासी जिला जयपुर को (बापर्दा गिरफ्तार) किया है। इस मामले में पूर्व में सन्नी उमरवाल उर्फ सन्नी धाबास, सनराज सिंह उर्फ टिंकू, संजय जाट उर्फ संजय चौधरी, खुवेन्द्र सिंह उर्फ शेरा, हुकुम सिंह और सूरज जाटव को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया तथा आरोपी रोहित मेहरा की तलाश की गई लेकिन आरोपी अपनी मषकन से फरार चल रहा था। इसके बाद आरोपी रोहित मेहरा को बापर्दा गिरफ्तार किया जाकर लूट की राशि के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

ध्रुपद यात्रा महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

जयपुर। राजस्थान अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, जयपुर में आयोजित ध्रुपद यात्रा 2025 के तीसरे दिन भारत की सबसे प्राचीन शास्त्रीय संगीत परंपरा का शाश्वत सार गूंज उठा। उस्ताद इमामुद्दीन खान डागर भारतीय संगीत कला और संस्कृति सोसायटी और डागर अभिलेखागार संग्रहालय जयपुर द्वारा शबाना डागर और इमरान डागर के दूरदर्शी मार्गदर्शन में प्रस्तुत इस महोत्सव को कला और संस्कृति विभाग, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, राजीविका और राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड सहित प्रतिष्ठित संस्थानों का समर्थन प्राप्त था।

वाक्पटु तनुषा नागरथ द्वारा संचालित यह शाम माधुर्य, विरासत और दृश्य कलात्मकता का एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला संगम थी। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तिलक समारोह से हुई, जिसके बाद डागर घराने के मशालवाहकों को श्रद्धांजलि दी गई, जो एक अद्वितीय संगीत विरासत के संरक्षक हैं। डागर अभिलेखागार संग्रहालय की एक उत्कृष्ट कला प्रदर्शनी ने भी मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें इस प्रसिद्ध वंश का एक दृश्य इतिहास प्रस्तुत किया गया। कलात्मक भव्यता को जोड़ते हुए, संत कुमार बिश्नोई के नेतृत्व में रेनबो पैलेट फाइन आर्ट अकादमी के युवा प्रतिभाओं ने लाइव प्रदर्शनों को कैनवास पर कैद किया, जिसमें ध्वनि को रंगों के स्ट्रोक में बदल दिया गया। यूसुफ खिमानी, बादशाह मियाँ और गिरिराज चिप्पा के नेतृत्व में कॉल प्रो प्रोजेक्ट का योगदान एक विशेष आकर्षण था, जिन्होंने शानदार मंच पृष्ठभूमि तैयार की, जिसने शाम के कलात्मक माहौल को सहजता से पूरक बनाया। संगीत की यह यात्रा मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियों के साथ शुरू हुई।

राजस्थान अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, जयपुर में आयोजित ध्रुपद यात्रा 2025 के तीसरे दिन कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

मिस मैरी-लाइन ऑब्री ने चौताल में एक मनमोहक राग यमन अलाप और गत प्रस्तुत की, जिसमें वायलिन पर श्री आदित्य दीप ने पखावज पर संगत की, जिसमें उन्होंने अपनी पश्चिमी शास्त्रीय जड़ों को ध्रुपद की गहराई के साथ सहजता से मिश्रित किया। गुंडेचा घराने की मशाल वाहक मिस धनी गुंडेचा ने ध्यानेश्वर देशमुख के साथ राग केदार की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसमें प्रत्येक स्वर में आध्यात्मिकता समाहित थी। पंडित पुष्पराज कोष्टी ने राग बागेश्री अलाप और चौताल गत में सुरबहार के उस्ताद आदित्य दीप के साथ पखावज पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, उनके गहरे, ध्यानपूर्ण आलाप ध्रुपद की भव्यता को प्रतिध्वनित कर रहे थे। इस महोत्सव ने जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज को एक प्रमुख ज्ञान साझेदार के रूप में मान्यता दी। जिसके छात्रों ने ध्रुपद की विरासत को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने के लिए उस्तादों के साथ दस्तावेजीकरण और बातचीत की। शाम का समापन एक सम्मान समारोह के साथ हुआ, जहाँ शबाना डागर और इमरान डागर ने प्रतिष्ठित कलाकारों को सम्मानित किया, इस अद्वितीय कला रूप को संरक्षित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रत्येक प्रदर्शन के साथ, ध्रुपद यात्रा 2025 ने पुष्टि की कि संगीत केवल एक कला नहीं है। यह एक पवित्र यात्रा है जो समय से परे है, हमारे पूर्वजों की गूँज को भविष्य में ले जाती है।

जमानती वारंट से तलब आरोपी को बिना ठोस कारण जेल ना भेजे निचली अदालत : हाईकोर्ट

जयपुर। हाईकोर्ट ने कहा है कि निचली अदालत की ओर से किसी मामले में आरोपी को समन या जमानती वारंट से तलब करने के बाद बिना किसी ठोस कारण उसे न्यायिक अभिरक्षा में नहीं भेजना चाहिए। मनोहर लाल सैनी के मामले में खंडपीठ 2 दिसंबर, 2015 को यह निर्धारित कर चुकी है। ऐसे में उस आदेश की प्रति प्रदेश के सभी न्यायिक अधिकारियों को अध्ययन के लिए भेजी जाए। अदालत ने इसके लिए रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने को कहा है। वहीं अदालत ने निचली अदालत की ओर से पॉक्सो प्रकरण में जमानती वारंट से तलब किए गए आरोपी याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस अनिल कुमार उपमन की एकलपीठ ने यह आदेश राजदेव मीणा की जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि पूर्व में कई मामलों में कहा जा चुका है कि जो आरोपी समन या जमानती वारंट की पालना में अदालत में पेश होते हैं, उन्हें बिना किसी अतिरिक्त ठोस कारण के न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेजना उचित नहीं है।

सार-समाचार

बाल मुकुंद ओझा प्रतिष्ठित दर्डा पुरस्कार से सम्मानित होंगे



जयपुर। वरिष्ठ पत्रकार और सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक बाल मुकुंद ओझा को प्रतिष्ठित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरलाल दर्डा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार लोकमत मीडिया समूह की और से 26 मार्च को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, झालाना संस्थान मार्ग, जयपुर में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। नागपुर महाराष्ट्र के लोकमत मीडिया समूह के वरिष्ठ संपादक विकास मिश्र ने बताया कि जवाहरलाल दर्डा स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार के लिए गठित जूरी ने 2016-2017 के लिए बाल मुकुंद ओझा का चयन किया है। गौरतलब है ओझा पिछले 55 से भी अधिक वर्षों से पत्रकारिता, साहित्य और जनसम्पर्क के क्षेत्रों में सक्रिय है। ओझा जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृति के बाद 2013 से वरिष्ठ पत्रकार और स्तम्भकार के रूप में देशभर के समाचार पत्रों में नियमित रूप से लेखन कार्य कर रहे हैं।

प्रौद्योगिकी क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले कानूनी और नियामक अनुपालन पर चर्चा

जयपुर। पूर्णिमा विश्वविद्यालय, जयपुर के प्रबंधन और वाणिज्य संकाय की ओर से 18-19 मार्च को नेविगेटिंग कॉम्प्लेक्सिटी: हार्नेसिंग टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फॉर सस्टेनेबल ग्रोथ पर 5वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि, डॉ. सुधी राजीव, कुलपति, हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि, देवेंद्र मोहन माथुर, अध्यक्ष, जिला आयोग, उपभोक्ता संरक्षण, जयपुर और भुवनेश जैन, क्षेत्रीय निदेशक, नेहरू युवा केंद्र, संगठन जयपुर थे। डॉ. सुधी राजीव ने प्रौद्योगिकी में मानवीय स्पर्श की भूमिका के बारे में बात की और स्थिरता के वास्तविक जीवन के उदाहरणों पर जोर दिया। माथुर ने भारत में प्रौद्योगिकी क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले कानूनी और नियामक अनुपालन पर प्रकाश डाला। डॉ भुवनेश जैन के आयोजन की सराहना करते हुए छात्रों के लिए उपयोगी बताया। डॉ. सुरेश चंद्र पाधे, अध्यक्ष, पूर्णिमा विश्वविद्यालय और डॉ. चांदनी कृपलानी, प्रो प्रेसिडेंट ने नवाचार, स्थिरता और नए स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया। डॉ. देविका अग्रवाल, संयोजक ने समापन रिपोर्ट प्रस्तुत की। सह-संयोजक डॉ. मूनमून और डॉ. मुक्तक व्यास ने सम्मेलन के विभिन्न सत्रों की जानकारी दी और सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रस्तुतकर्ताओं को सम्मानित किया। सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया। सम्मेलन में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्रों के प्रख्यात वक्ता शामिल हुए। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही तरीकों से लगभग 100 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन की अध्यक्ष डॉ. मोनिका खत्री, डॉ. उर्वशी भांबू और डॉ. गौरव मालपानी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया।

ग्लास फैक्ट्री के पास अपार्टमेंट में आग लगी

जयपुर। बजाज नगर थाना इलाके में स्थित ग्लास फैक्ट्री के पास प्रतापनगर में एक अपार्टमेंट के प्रथम फ्लोर पर एक फ्लैट में बुधवार शाम अचानक आग लग गई। आग की सूचना पर तीन दमकल मौके पर पहुंची और करीब आधा घंटे में आग पर काबू पाया। आग से फर्नीचर सहित अन्य सामान जल गया। आग रसोई में रखे सिलेण्डर में गैस लीकेज होने की वजह से लगी। समय रहते लोगों ने सिलेण्डर को बाहर निकाल दिया वरना बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस के अनुसार टोंक रोड पर ग्लास फैक्ट्री के पास एक फ्लैट में शाम करीब सवा 6 बजे सिलेण्डर में लीकेज के चलते आग लग गई। धुआं उठता देखकर स्थानीय लोगों ने फायर बिग्रेड को सूचना दी। सूचना पर मानसरोवर से 2 और 22 गोदाम से एक दमकल मौके पर पहुंची और करीब आधा घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से रसोई में रखा सामान व फर्नीचर जल गया।

बस कंडक्डर ने छात्रा से छेड़छाड़

जयपुर। वैशाली नगर थाना इलाके में बस के परिचालक द्वारा 8वीं की छात्रा से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार आर्मी एरिए में निवासी एक 35 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बेटी आर्मी केंट स्कूल में पढ़ने जाती है। बस के परिचालक ने उसकी 13 साल 8 माह की बेटी से छेड़छाड़ की। उसकी बेटी आठवीं कक्षा में पढ़ती है। घटना 13 मार्च की शाम की है। बालिका ने सारी घटना अपनी मां को बताई। मां बालिका को लेकर थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से बालिका काफी डरी हुई है।

कार सवार बदमाशों ने अगवा कर दुकानदार को लूटा

जयपुर। खो नागोरियान थाना इलाके में कार सवार बदमाशों ने अगवा कर दुकानदार को लूट लिया। पुलिस के अनुसार इंदिरा गांधी नगर निवासी रामेश्वर जाट ने मामला दर्ज करवाया कि वह 16 मार्च को 14 सेक्टर स्थित दुकान से घर जा रहा था। 7 एमए और 7 एमबी के पास पार्क के कोने पर कार से एक युवक उतरा और अपने साथियों के साथ मिलकर जबरन उसे कार में पटक लिया और सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ मारपीट की और जेब से 60 हजार रुपए और मोबाइल निकाल लिए। आरोपी मोबाइल व नगदी छीनने के बाद उसे सुनसान स्थान पर पटक कर फरार हो गए। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

मोबाईल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाईल चोरी करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चोरी किया गया मोबाइल भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) दिगंत आनंद जयपुर ने बताया कि ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाईल चोरी करने वाले आरोपित गौतम जैदिया निवासी महेश नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की संभावना है।

चंडीगढ़ सुव्यवस्थित, लेकिन जयपुर के हर बाजार में अतिक्रमण, विजिलेंस टीम में भी भ्रष्टाचार : हाईकोर्ट

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने पार्क में आने-जाने के रास्ते में हुए अतिक्रमण के मामले में शहर के हालात पर गंभीर टिप्पणी की है। अदालत ने आवासन मंडल और नगर निगम के अधिकारियों की उपस्थिति में कहा कि उनकी विजिलेंस अधिकारियों से भ्रष्टाचार व्याप्त है। अदालत ने चंडीगढ से तुलना करते हुए कहा कि वहां छोटी से छोटी जगह में सुचारू पार्किंग व्यवस्था है, जबकि जयपुर में ऐसा एक बाजार नहीं है जहां बेतरतीब पार्किंग और अतिक्रमण नहीं हो। इसके साथ ही अदालत ने मामले में चार सप्ताह बाद सुनवाई रखी है।